दुर्गा अष्टमी व्रत कथा PDF

पौराणिक कथा के अनुसार मासिक दुर्गा अष्टमी का दिन वह दिन माना जाता है जब दुर्गम नामक क्रूर राक्षस ने अपनी क्रूरता से तीनों लोकों पर अत्याचार किया था। उसके आतंक से सभी देवता स्वर्ग छोड़कर कैलाश चले गए। दुर्गम दैत्य को यह वरदान प्राप्त था कि उसे कोई देवता नहीं मार सकता, सभी देवताओं ने भगवान शिव से इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। इसके बाद ब्रह्मा, विष्णु और शिव ने अपनी शक्तियों को मिलाकर शुक्ल पक्ष की अष्टमी को देवी दुर्गा को जन्म दिया। इसके बाद माता दुर्गा को सबसे शक्तिशाली हथियार दिया गया और राक्षस दुर्गम के साथ युद्ध किया गया। जिसमें माता ने राक्षस का वध किया और उसके बाद दुर्गा अष्टमी की उत्पत्ति हुई। इसलिए दुर्गा अष्टमी के दिन शस्त्र पूजन का भी विधान है।

pdfinbox.com